कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा
*Office of the Executive Engineer , PWD, Almora Uttarakhand*
**E-mail :eepdalmora@rediff.com**

पत्रांक 912 /7 सी0 दिनांक 13 फरवरी 2023

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग,
अल्मोड़ा।

विषयः जनपद अल्मोड़ा में विधानसभा क्षेत्र अल्मोड़ा के अंतर्गत कोसी दौलाघट मोटर मार्ग से धौतीगाड़–पंचगॉव–स्यूरा लिंक रोड मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.708 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (प्रस्ताव सं0 44176/2020)

संदर्भः भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून का पत्र सं0 8बी0/यू0सी0पी0/06/104/2020/एफ0सी0/1273 दिनॉक 23.12.2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के माध्यम से सूचित की गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण निम्नवत हैः–

| क्रम सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | के0एम0एल0 फाईल का अवलोकन उपरांत यह पाया गया है कि प्रस्तावित मार्ग से लाभान्वित होने वाले 2 गॉव पूर्व में ही सन् 2019 में नये मार्गों से जुड़ चुके हैं। अतः इस हेतु राज्य सरकार से अनुरोध है कि प्रस्तावित क्षेत्र में सन् 2019 में निर्मित मार्गों के एफ0सी0ए0 प्रस्तावों का विवरण इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें। | उक्त क्षेत्र में आर0डब्लू0डी0 द्वारा कोसी दौलाघट मोटर मार्ग से मैणी तक मोटर मार्ग एवं पी0एम0जी0एस0वाई0 द्वारा पाथलीबगड़ से बड़सीमी मोटर मार्ग का निर्माण किया गया है। शेष बिन्दु आपसे सम्बन्धित है। |
| 2 | लाभान्वित गॉव पूर्व में निर्मित मार्ग से जुड़े हुये प्रतीत होते हैं। अतः राज्य सरकार इस हेतु प्रस्तावित मार्ग की आवश्यकता को स्पष्ट करने का कष्ट करें। | उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग से ग्राम पंचगॉव, स्यूरा, बड़सीमी लाभान्वित होंगे। जिसमें वर्तमान में ग्राम पंचगॉव मोटर मार्ग से वंचित है तथा ग्राम स्यूरा तक ग्रामवासियों द्वारा लम्बे समय से मोटर मार्ग की सुविधा न होने के कारण श्रमदान कर एक मार्ग (आर0डब्लू0डी0 द्वारा निर्मित मोटर मार्ग से आगे) का निर्माण किया है जो लगभग 3 से 4 मी0 चौड़ाई में निर्मित है एवं ग्राम बड़सीमी पी0एम0जी0एस0वाई0 द्वारा निर्मित मोटर मार्ग से जुड़ चुका है। वर्तमान में स्यूरा एवं बड़सीमी के बीच में किसी भी प्रकार की संयोजकता नहीं है। प्रस्तावित मार्ग के बन जाने से यह समस्त ग्राम मुख्य मार्ग से जुड़ जायेंगे एवं ब्लॉक, तहसील, जिला मुख्यालय, जिला अस्पताल एवं अल्मोड़ा बाजार पहुँचने हेतु यह मार्ग बनाया जाना नितान्त आवश्यक है। |

अतः अनुरोध है कि विषयक प्रकरण में विधिवत स्वीकृति हेतु अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय,

**अधिशासी अभियंता,**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,अल्मोड़ा।**

पत्रांक 412 /7सी0 तद्दिनॉकित

**प्रतिलिपि**–सहायक अभियन्ता(षष्ठम), प्रा0ख0, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,अल्मोड़ा।**